# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ● चाचौड़ा ● राघौगढ़ ● मुंगावली ● चंदेरी ● पोहरी ● कोलारस ● जीरापुर ● सारंगपुर ● बड़नगर ● नागदा   भोपाल, 3 मई 2026


## न्यूज कार्नर

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



**नरसिंहगढ़।** सूरजपोल निवासी सुरेश जयसवाल परिवार द्वारा सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। शनिवार को कंतोड़ा हनुमान मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में भारी तादाद में महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। दोपहर 2 बजे कथा वाचक पंडित सच्चिदानंद शर्मा द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का वाचन अपने अमृत वचनों के माध्यम से किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में महिला-पुरुष और बच्चों ने कथा को श्रवण किया।

### पति की मारपीट से महिला हुई घायल, केस दर्ज

**ब्यावरा।** शहर में एक महिला ने अपने पति पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार 1 मई की रात उसका पति दीपक देर से घर आया। फोन पर कहासुनी के बाद घर पहुंचकर उसने गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट की। आरोप है कि आरोपी ने महिला को जमीन पर पटक दिया और बेल्ट से मारपीट की, साथ ही बाल पकड़कर सिर दीवार से टकराया। घटना में महिला को सिर, हाथ, पीठ और कंधे पर चोटें आईं। महिला का कहना है कि आरोपी ने धमकी दी कि दोबारा फोन किया तो जान से खत्म कर देगा। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### शिवराज सिंह चौहान होंगे ब्यावरा शहर थाना प्रभारी

**ब्यावरा।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले में पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर विभिन्न थाना प्रभारियों और उप निरीक्षकों की नई पदस्थापना की गई है। जारी आदेश के अनुसार, निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह धाकड़ को थाना प्रभारी ब्यावरा शहर से स्थानांतरित कर रक्षित केंद्र राजगढ़ भेजा गया है। वहीं निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान को नरसिंहगढ़ से हटाकर थाना प्रभारी ब्यावरा शहर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उप निरीक्षक भूरी भील को खिलचीपुर से थाना कोतवाली राजगढ़ पदस्थ किया गया है, जबकि उप निरीक्षक सरिता मिश्रा को कोतवाली राजगढ़ से थाना खिलचीपुर भेजा गया है। इसके अलावा, उप निरीक्षक गुंजन जामदार को अस्थायी रूप से नरसिंहगढ़ थाना प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह आदेश 2 मई को जारी किया गया है और संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बेटी के अपहरण के विवाद में युवक से मारपीट

**ब्यावरा।** थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने युवक पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। फरियादी गोकुल प्रसाद वर्मा ने बताया कि करीब एक साल पहले आरोपी बल्लू भील उसकी पुत्री को भगाकर ले गया था, जिसकी रिपोर्ट पहले ही दर्ज कराई जा चुकी है। पीड़ित के अनुसार 28 अप्रैल को आरोपी उसके घर आया और पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने हाथ-थप्पड़ों से मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। जाते समय आरोपी ने धमकी दी कि यदि समझौता नहीं किया तो जान से खत्म कर देगा। पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की गई है।

### जिले भर में तेज आंधी के साथ हुई हल्की बारिश, पेड़ धराशायी, कई जगह बिजली आपूर्ति प्रभावित

# दोपहर बाद आंधी के साथ हुई बारिश से सुहावना हुआ मौसम, भीषण गर्मी और लू से मिली राहत

**जागरण, ब्यावरा**



जिले में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट लेते हुए तेज आंधी और बारिश के साथ लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और करीब 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने लगीं। ब्यावरा, राजगढ़, खिलीचपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई, जबकि कुछ जगहों पर हल्की बारिश और ओलावृष्टि भी दर्ज की गई।

शनिवार सुबह से ही तेज धूप और उमस के कारण लोग परेशान थे, लेकिन दोपहर करीब 2 बजे के बाद मौसम ने अचानक करवट ली। राजगढ़, जीरापुर और खिलचीपुर क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई, वहीं ब्यावरा में तेज आंधी के साथ जोरदार हल्की बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। कालीपीठ और टांडी गांव में छोटे एवं मक्का आकार के ओले भी गिरेए हालांकि किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

तेज हवाओं का असर ग्रामीण इलाकों में अधिक देखने को मिला। कई गांवों में बिजली लाइनों पर प्रभाव पड़ने से कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। ब्यावरा और आसपास के क्षेत्रों में भी आंधी के कारण विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में आंधी से बिजली के तारों पर पेड़ों की टहनियां गिरने से बिजली सप्लाई प्रभावित हुई। वहीं तेज हवा-आंधी ने पेड़ों पर लगी कच्चे आम भी गिर गए। वहीं कई जगह पेड़ों के भी धराशायी होने की खबरें मिली हैं। संडावता के सेमलीलोडा ने आंधी से वर्षो पुराना पीपल का पेड़ उखड़ कर गिर गया। पेड़ के नीचे खड़ी एक बाइक दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। वही चपेट में आने से बिजली का पोल भी टूट गया। जिससे गांव की बिजली गुल हो गई। वही गांव सहित आस पास ग्रामींण क्षेत्रों में टीन चद्दरे उड़ गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

#### दोपहर बाद सुहावना हुआ मौसम

बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली। बच्चे और युवा भी बारिश का आनंद लेते नजर आए। दोपहर बाद तापमान 38-39 डिग्री तापमान के बीच रहा। लू के थपेड़ों से आज जनजीवन प्रभावित हुआ, लेकिन दोपहर दो बजे बाद एकाएक मौसम में बदलाव आया और तेज आंधी के साथ बंदाबांदी शुरू हो गई।

#### आगे का पूर्वानुमान

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय सिस्टम की सक्रियता के चलते आने वाले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह बदला हुआ रह सकता है। बादल छाने, तेज हवाएं चलने और कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से दो बाइक सवार घायल



**सारंगपुर।** शहर के पास पाड़ल्या रोड पर शनिवार को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। दोनों युवक अपनी-अपनी बाइक से आगे जा रहे थे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात ट्रैक्टर ने नियंत्रण खो दिया। ट्रैक्टर ने लहराते हुए दोनों बाइकों को एक साथ टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार सडक पर गिर गए। हादसे में अस्पताल में कार्यरत गार्ड अशोक 30 पुत्र विजयसिंह, निवासी सारंगपुर का पैर फैक्चर हो गया। दूसरे बाइक सवार सुनील 30 पुत्र रामचंद्र निवासी अरनिया के पंजे में फैक्चर हुआ और उन्हें गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सिविल अस्पताल सारंगपुर ले जाया गया। सिविल अस्पताल में डॉ. सूर्यवंशी ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल शाजापुर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

### कलेक्टर-एसपी ने परीक्षार्थियों की सुविधाओं को लेकर दिए सख्त निर्देश

# नीट परीक्षा से पहले मॉक ड्रिल, प्रशासन अलर्ट

**जागरण, ब्यावरा**



जिले में 3 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसको लेकर शनिवार सुबह पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मॉक ड्रिल के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने केंद्र पर टेंट, कूलर और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही प्रवेश द्वार पर सघन जांच के निर्देश दिए गए ताकि कोई भी वर्जित सामग्री अंदर न जा सके। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन ने कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्र तक प्रश्न पत्र ले जाने की प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित रखने को कहा। इसके लिए बख्तरबंद वाहन, सीसीटीवी निगरानी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य की गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सुरक्षा कर्मियों को मुस्तैदी से ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे और इसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। यह मॉकड्रिल परीक्षा दिवस की सभी व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास था। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और परीक्षा को शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है।

### मुख्य चौराहे पर दो सांडों की जंग, मची अफरा-तफरी, राहगीर हुए परेशान

**जीरापुर।** नगर में आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार रात और शनिवार दोपहर को शहर के दो प्रमुख स्थानों पर सांडों की आपसी लड़ाई से अफरा.तफरी का माहौल बन गया। इंदर चौराहा और भावसार मोहल्ला स्थित श्रीराम मंदिर के सामने दो सांडों के बीच हुई भिड़ंत से सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सांडों की लड़ाई इतनी उग्र थी कि राहगीरों और वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए दूर हट गए, वहीं कई वाहन चालकों ने रास्ता बदल लिया। कुछ लोगों ने सांडों को भगाने के लिए पानी और डंडों का सहारा लियाए जबकि कुछ लोग इस घटना का वीडियो बनाते नजर आए। नगर के प्रमुख चौराहों और गलियों में आवारा मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। कई बार इनके बीच होने वाली लड़ाई से राहगीरों के घायल होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। ऐसे में हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

### युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने मारपीट का आरोप लगाया



**ब्यावरा।** शनिवार सुबह जेपला गांव निवासी सोनू गुर्जर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि 30 अप्रैल को देवबड़ली स्थित देवनारायण मंदिर में भंडारे के दौरान गांव के कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी, जिससे आई अंदरूनी चोटों के कारण उसकी जान गई। शनिवार को सोनू गुर्जर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराने सिटी थाने पहुंचा था। इसी दौरान उसकी हालत बिगड़ गई। थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ ने तत्काल पुलिस वाहन से उसे सिविल अस्पताल भिजवाया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। खबर मिलते ही सिविल अस्पताल में परिजनों और रिश्तेदारों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर एसडीओपी प्रकाश शर्मा और थाना प्रभारी अस्पताल पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

मृतक के पिता हनुमत गुर्जर ने बताया कि सोनू बचपन से ही अपने मामा के गांव जेपला स्थित देवबड़ली देवनारायण मंदिर आश्रम में रह रहा था, जहां वह सेवा कार्य करता था। डॉ. लखन दांगी और डॉ. सोनल दांगी की टीम ने पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कालीपीठ से राजगढ़ पहुंचा कूनो से निकला चीता

**जागरण, ब्यावरा**



शिवपुरी के कूनो नेशनल पार्क से निकला चीता पी-एक्स शनिवार सुबह राजगढ़ के खोयरी मंदिर के पास बाड़िया क्षेत्र में पहुंच गया। बताया जा रहा है कि चीते ने रातभर में करीब 15 किलोमीटर का सफर तय किया और फिलहाल वह एक बस्ती से लगभग 300 मीटर दूर नीम के पेड़ के नीचे आराम करता नजर आया। दिनभर खोयरी के जंगल में आराम करने के बाद शाम 6 बजे फिर चीता ने अपनी मूवमेंट को बदला और रावतपुरा गांव की ओर चल दिया। ऐसे में पुलिस और वन विभाग की टीम ने लोगों से सावधानी बरतने की बात कही है। वन विभाग के अनुसार, चीता शुक्रवार शाम करीब 6 बजे कालीपीठ क्षेत्र से निकला था। रास्ते में उसने एक तालाब पर पानी पिया और हिरणखेड़ी गांव की ओर बढ़ा, लेकिन वहां तार फेंसिंग होने के कारण वह वापस मुड़ गया। इसके बाद उसने लगातार चलते हुए पूरी रात में लंबा सफर तय किया और सुबह राजगढ़ के बाड़िया क्षेत्र में पहुंच गया। चीते की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कूनो नेशनल पार्क और राजगढ़ वन विभाग की टीमें लगातार सक्रिय हैं। जीपीएस कॉलर की मदद से उसकी लोकेशन ट्रैक की जा रही है। वन विभाग के रेंजर शिव कुमार चौहान के नेतृत्व में टीम पूरी रात चीते की मॉनिटरिंग करती रही। ट्रैकिंग के आधार पर सुबह उसकी सटीक लोकेशन का पता लगाया गया। एहतियात के तौर पर आसपास के ग्रामीणों को सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है।

### अनाज मंडी में चोरी का खुलासा, सात आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** शहर की अनाज मंडी में हुई चोरी का ब्यावरा शहर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार फरियादी राहुल गुप्ता निवासी बिहारी जी मंदिर के पास ब्यावरा ने 1 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 अप्रैल की रात 5 बोरी धनिया चोरी हो गया। जांच में पता चला कि अज्ञात चोर गोदाम के ऊपर से प्रवेश कर करीब 28 हजार रुपये कीमत की धनिया चोरी कर ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोलू उर्फ दीपक, भूरा, देव, राज, कान्हा उर्फ करण, अंकित और भावेश उर्फ भविष्य को गिरफ्तार किया।

## खेत में खाद डालते समय लगा करंट, मौत

**जागरण, सुठालिया**



शनिवार को समीपस्थ ग्राम टोडी में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वही युवक के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौप दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर ग्राम टोडी में युवक ओम प्रकाश पिता रामगोपाल केवट उम्र 21 वर्ष अपने घर के पास स्थित घूरे से देशी खाद ट्रैक्टर-ट्रॉली में चढ़कर भर रहा था। इस दौरान ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन से उसका लोहे जा फावड़ा (पचांगरा) टकरा गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। मौके पर मौजूद परिजन उसे स्थानीय चिकित्सालय लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची ओर युवक के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौप दिया है। बताया जाता है की युवक के घर के सामने से गुजरी विद्युत लाइन के तार नीचे लटक रहे थे। वही हादसे का कारण बने उक्त विद्युत तार को युवक व उसके परिजनों ने ऊंचा करने विद्युत मंडल को कई बार आवेदन दिया लेकिन सुनवाई नहीं हुई ओर युवक हादसे का शिकार हो गया। युवक ओम प्रकाश की मौत से परिजन सदमे में है। गमगीन माहौल में देर शाम युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वही पुलिस ने मामले में मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## ऑटो से टक्कर के बाद सड़क पर गिरा युवक पीछे से आए कंटेनर ने रौंदा, मौके पर मौत

**जागरण, ब्यावरा**



नरसिंहगढ़ बायपास स्थित बोड़ा जोड़ पर शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि मृतक की पहचान करना मुश्किल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना की शुरुआत एक ऑटो और मोटरसाइकिल की टक्कर से हुई। टक्कर लगते ही बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे कंटेनर ने उसे कुचल दिया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर नरसिंहगढ़ थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने यातायात को सुचारू कराया और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया।

फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस बाइक के नंबर और अन्य दस्तावेजों के आधार पर शिनाख्त के प्रयास कर रही है। वहीं, टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की तलाश भी शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों ने बायपास पर लगातार हो रहे हादसों को लेकर चिंता जताई है और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो तो तुरंत थाने में दें।

### सेवानिवृत्ति पर एरिगेशन के कर्मचारी को दी विदाई



**जीरापुर।** जल संसाधन विभाग अंतर्गत मोहनपुरा कुंडलिया परियोजना प्रबंधन इकाई राजगढ़ कैंप कार्यालय जीरापुर में कार्यरत वाहन चालक मोहम्मद वकील अपने अधिवर्षी की आयु 30 अप्रैल को पूर्ण कर सेवानिवृत हो जाने पर उनको कार्यालय स्टाफ द्वारा भावपूर्ण विदाई दी गई। उक्त कर्यक्रम अतिरिक्त परियोजना संचालक शुभंकर विश्वास, परियोजना प्रबंधक सुशील कुमार परमार के मुख्य आतिथ्य एवं सहायक प्रबंधक निर्मल पाटीदार, अर्पित सक्सेना, सुमित सिंह, विकास जैन सहित विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की गरिमा मय उपस्थिति में आयोजित हुआ। सेवा निवृत्त वाहन चालक मोहम्मद वकील का फूलमाला पहनाकर शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं उनके शिक्षक रहे दयाल सिंह सोनगरा, पूर्व सरपंच मो. उमर खां का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त परियोजना संचालक शुभंकर विश्वास व परियोजना प्रबंधक सुशील परमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने संबोधन में उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर अतुल सक्सेना, उपयंत्री सुरेश सोनी, विनोद मडलोई, दीपक श्रीवास, अमीत पंवार, शुभम् राठौर, अशोक धाकड़, आशुतोष यादव, सुनील कुशवाह, पीयूष, बड़े बाबू भानु प्रकाश जैन, शिवराज सोनगरा, राधेश्याम तौमर, राकेश शर्मा, रामस्वरूप रैकवार, दिलीप सैनी, विष्णु, गौरी शंकर, भरत शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन अजय टेलर ने व आभार सहायक प्रबंधक अर्पित सक्सेना ने व्यक्त किया।

**आयोजन** रविवार को मंदिर में होगी बाबा श्री श्याम की प्राण प्रतिष्ठा

## खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाला चल समारोह

**जागरण, ब्यावरा**



नगर में श्री खाटू श्याम जी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार शाम एक भव्य चल समारोह निकाला गया। भोपाल बाईपास स्थित मंदिर में आयोजित इस महोत्सव के दौरान पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूब गया। यह चल समारोह वैष्णो देवी मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में निशान और ध्वज लिए भगवान खाटू श्याम के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। यात्रा वैष्णो देवी मंदिर से शुरू होकर पीपल चौराहा, मुख्य बाजार, सुभाष चौक, नगर पालिका परिषद और इंदौर नाका होते हुए भोपाल बाईपास स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर पहुंची। चल समारोह का शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसमें महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने विशेष भागीदारी की। कई जगहों पर भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण भी किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शहर में पिछले कई दिनों से धार्मिक उत्साह बना हुआ है। आयोजन समिति ने 29 अप्रैल से महायज्ञ और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत की थी, जिसमें भजन संध्या, देव वाहन यात्रा और यज्ञ जैसे आयोजन शामिल थे। समिति के अनुसार, महोत्सव का समापन 3 मई को प्राण प्रतिष्ठा और महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ होगा। इस अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजन समिति ने इस महोत्सव को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बताया है।

### मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

## 'समान जमीन समान दाम' के नारे के साथ बांध प्रभावित किसानों ने भरी हुंकार

**जागरण, सुठालिया**



शनिवार को समीपस्थ ग्राम गुर्जरखेड़ी में सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की किसान महापंचायत रखी गई, जिसमें मध्य प्रदेश कैबिनेट द्वारा 22 अप्रैल को बांध प्रभावित किसानों का मुआवजा चार गुना करने के निर्णय का स्वागत किया गया परंतु रनिंग में चल रही सुठालिया सिंचाई परियोजना जिसमें लगभग 70 प्रतिशत मुआवजा दो गुने रेट से भुगतान कर दिया गया, उसके लिए स्पष्ट निर्देश जारी नहीं करने का किसानों ने कड़ा विरोध किया है। किसानों का कहना है कि जब एक ही परियोजना के लिए जमीन ली जा रही है तो मुआवजे के लिए दो अलग-अलग मानक क्यों कुछ को दोगुना और कुछ को चार गुना दर से भुगतान करना न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की सरकार द्वारा चार गुना मुआवजा देने का आदेश जारी नहीं किया गया तो इस परियोजना से प्रभावित चारों जिले गुना, राजगढ़, भोपाल और सीहोर के 65 गांवों के किसान उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। किसान महापंचायत में उपस्थित बीकेयूएम के जिला अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान ने कहा की हम विकास के विरोधी नहीं हैं लेकिन विकास की वेदी पर किसानों की बलि स्वीकार नहीं है जब डूब क्षेत्र एक है संकट एक है तो मुआवजा भी एक समान होना चाहिए संविधान में हमें समानता का अधिकार दिया है और इसे हम लेकर रहेंगे। आज की बैठक में गुर्जरखेड़ी रघुनाथपुरा और कादीखेड़ा गांव के किसान उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### भगवान बुद्ध का जन्मोत्सव एवं अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया



**जागरण महिदपुर।** दिनांक 01 मई 2026 को डॉक्टर बी आर अम्बेडकर मांगलिक भवन पर बाप समिति के सदस्यों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव मनाया। सर्वप्रथम भगवान बुद्ध जी के छाया चित्र पर समिति के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता बालूसिंह वर्मा द्वारा की गई। इसी अनुक्रम में समिति के सहसचिव अनिल दावरे और पिपल्या हामा से पधारे शिवनारायण गवली ने भगवान बुद्ध के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों के योगदान को याद किया। इसी के साथ श्रमिक भाई कुलदीप मालवीय का पुष्पमाला से स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात मिठाई वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनेक समाजजन उपस्थित हुए जिनमे डॉक्टर जगदीश परमार वैदिक दावरे, नागजी परिहार, यशराज परमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉक्टर जगदीश परमार ने माना। उक्त जानकारी समिति सचिव सुरेश दामेचा द्वारा दी गई।

### शासकीय हाई स्कूल रोहिड़ा में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न



**जागरण महिदपुर।** शासकीय हाई स्कूल रोहिड़ा में निः शुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम अतिथि गिरधारी लाल चौहान जनपद पंचायत सदस्य और सरपंच। चैन सिंह जी चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने तिलक लगा कर हार पहनाया और सभी पात्र छात्रों को साइकिल का वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दीं साथ ही स्कूल के 10वी उत्तीर्ण सभी छात्रों का पुष्प माला से स्वागत कर पुरस्कृत किया, कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार ने किया एवं उत्तीर्ण सभी छात्रों को शुभ कामनाएं दी। आभार विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सरोज ठाकुर ने प्रस्तुत किया ।

# निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करें : अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा

## अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने जल परियोजनाओं का निरीक्षण किया



**जागरण उज्जैन ।** अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने शनिवार को हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना और सेवरखेड़ी- सिलारखेड़ी परियोजना का निरीक्षण कर वहां प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया और प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन ,कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने सबसे पहले हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का निरीक्षण कर कार्य की गती बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसके पश्चात डॉ. राजौरा ने सेवरखेड़ी जलाशय का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि सिंहस्थ 2028 के सफल आयोजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण इस परियोजना में वर्तमान में 75% कार्य पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान एसीएस डॉ. राजौरा ने अर्थवर्क (मिट्टी भराई) एवं पिचिंग के कार्यों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने निर्माण स्थल पर मिट्टी की गुणवत्ता की जांच की जानकारी ली तथा गुणवत्ता नियंत्रण के मैकेनिज्म के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। ए.सी.एस. डॉ. राजौरा ने नियमित गुणवत्ता जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने और निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री शुभम अग्रवाल ने जानाकारी दी कि वर्तमान में सेवरखेड़ी जलाशय में अर्थवर्क एवं पिचिंग कार्य प्रगति पर हैं। सेवरखेड़ी जलाशय में आने वाला पानी पंपिंग के माध्यम से बारीश के मौसम में शिप्रा नदी से लाया जाएगा, जबकि गर्मीयों के मौसम में पानी की सप्लाय नदी में ग्रैविटी फ्लो डिस्चार्ज से की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# सदावल पर चार हैलीपैड हो रहे तैयार... आवागमन होगा आसान

## जून तक पूरा होगा परियोजना - महाकाल मंदिर के पास मिलेगा हवाई संपर्क - यातायात जाम और मार्ग बंदी से राहत



**जागरण उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों ने अब गति पकड़ ली है और शहर का आधारभूत ढांचा तेजी से मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में बड़नगर रोड स्थित सदावल में बन रहे चार नए हैलीपैड का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। अधिकारियों का दावा है कि जून तक पूरी परियोजना तैयार हो जाएगी, जिसके बाद विशिष्ट अतिथियों के आवागमन के लिए हवाई सुविधा और मजबूत हो जाएगी।

करीब 13 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे इन हैलीपैड में से तीन पूरी तरह तैयार हो चुके हैं, जबकि चौथे पर अंतिम कार्य जारी है। लगभग 1600 मीटर लंबी परिधि दीवार पहले ही बनाई जा चुकी है और यहां यात्रियों के लिए विश्राम कक्ष जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं।

### मेला क्षेत्र के पास मिलेगी बड़ी राहत....

अब तक शहर में केवल पुलिस लाइन में ही हैलीपैड उपलब्ध है, जो सिंहस्थ क्षेत्र और श्री महाकालेश्वर मंदिर से काफी दूर है। ऐसे में विशिष्ट अतिथियों के आवागमन के दौरान शहर के कई मार्गों को बंद करना पड़ता था। सदावल में नए हैलीपैड बनने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। विशिष्ट अतिथि सीधे मेला क्षेत्र के पास उतर सकेंगे और कम समय में मंदिर या अन्य स्थानों तक पहुंच पाएंगे।

### यातायात प्रबंधन होगा सरल...

नए हैलीपैड का सबसे बड़ा लाभ यातायात व्यवस्था में सुधार के रूप में सामने आएगा। अब विशिष्ट अतिथियों के आवागमन के दौरान शहर में जाम की स्थिति नहीं बनेगी और आम लोगों को मार्ग बंद होने की परेशानी से राहत मिलेगी। साथ ही, पुलिस और प्रशासन को भी अतिरिक्त बल तैनात करने की आवश्यकता कम पड़ेगी, जिससे व्यवस्थाएं और अधिक सुचारु रहेंगी।

### सिंहस्थ के बाद भी रहेगा उपयोग....

यह हैलीपैड केवल सिंहस्थ 2028 तक सीमित नहीं रहेंगे। भविष्य में बड़े धार्मिक आयोजनों, पर्व-त्योहारों और विशिष्ट दौरों के दौरान भी इनका उपयोग किया जाएगा। कुल मिलाकर, सदावल के ये नए हैलीपैड उज्जैन के धार्मिक पर्यटन और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को नई मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं।

# महाकाल मंदिर में प्रसाद व्यवस्था होगी हाईटेक

## रोजाना 100 क्विंटल लड्डू बनाने की तैयारी



**जागरण उज्जैन।** मंदिर समिति द्वारा करीब 40 करोड़ रुपए की लागत से हाईटेक लड्डू निर्माण यूनिट स्थापित की जा रही है। इस यूनिट के शुरू होने के बाद रोजाना लगभग 100 क्विंटल लड्डू प्रसाद तैयार किया जा सकेगा, जिससे बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के अनुसार मांग पूरी हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि अभी तक मंदिर में लड्डू प्रसाद का निर्माण पारंपरिक तरीके से किया जाता है। सीमित संसाधनों के कारण प्रतिदिन करीब 40 से 50 क्विंटल उत्पादन ही संभव हो पाता है। विशेष अवसरों और त्योहारों पर यह मांग 100 क्विंटल से भी अधिक पहुंच जाती है, जिससे कई बार श्रद्धालुओं को प्रसाद नहीं मिल पाता। प्रस्तावित हाईटेक यूनिट शुरू होने के बाद उत्पादन क्षमता दोगुनी हो जाएगी। आधुनिक मशीनों के माध्यम से बेसन भूनने से लेकर लड्डू तैयार करने तक की पूरी प्रक्रिया स्वचालित होगी। इससे समय की बचत के साथ उत्पादन भी तेजी से बढ़ेगा और सभी श्रद्धालुओं को पर्याप्त प्रसाद मिल सकेगा। मंदिर समिति ने इस परियोजना में गुणवत्ता और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। केवल शुद्ध और प्रमाणित कच्चे माल का ही उपयोग किया जाएगा। यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी या लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई के साथ भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### आधुनिक भवन में होगी स्थापना...

यह हाईटेक यूनिट मंदिर परिसर स्थित अन्न क्षेत्र के समीप बनाए जा रहे एक आधुनिक भवन में स्थापित की जाएगी। इसमें बेसमेंट, ग्राउंड और प्रथम तल पर मशीनें लगाई जाएंगी। यहां तैयार होने वाला प्रसाद केवल मंदिर समिति द्वारा ही वितरित किया जाएगा, बाजार में इसकी बिक्री की अनुमति नहीं होगी।

### प्रधान अध्यापक नरेश अठिया का सेवानिवृत्ति पर हुआ सम्मान



**जागरण उज्जैन।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय पारदी खेड़ा में प्रधान अध्यापक श्री नरेश आठिया ने 40 वर्षों तक सेवा देकर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विद्यालय में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। उन्हें शाल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र के साथ फूल मालाएं पहनाकर विदाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शा.उ.मा.वि. तालोद के प्राचार्य नरेंद्र शर्मा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि बी.आर.सी. राजकुमार पाल, अनोखी लाल भारती एवं विशेष अतिथि डॉ. राजेश चौहान थे। इस अवसर पर शिक्षक श्याम पटेल, दीपक सोलंकी, जन शिक्षक कल्पना निर्मल, भावना चौहान, दीपचंद जाटव, मनीष पोरवाल, चंदरसिंह पटेल, अमरसिंह पटेल, राजेंद्र खत्री, किरण सोलंकी, बेनीराम मालवीय, कैलाश रावत।

# समानांतर ब्रिज निर्माण की जद में आ रहे आधा दर्जन मकानों पर चली जेसीबी

## बेगम बाग में स्टे हटते ही यूडीए की कार्रवाई, 16 में से बाकी मकान भी हटेंगे



**जागरण उज्जैन।** हरि फाटक ओवरब्रिज के समानांतर बन रहे नए ब्रिज की राह में आ रही अड़चनें अब एक-एक कर हटाई जा रही हैं। उज्जैन विकास प्राधिकरण ने बेगम बाग क्षेत्र में कोर्ट का स्टे हटते ही आज शनिवार सुबह सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले चरण में 5 मकानों को गिरा दिया गया, जबकि कुल 16 मकानों को हटाने की योजना है। शेष मकानों पर अगले एक-दो दिन में बड़ी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी के अनुसार, जिन मकानों को हटाया जा रहा है, वे नए समानांतर ब्रिज के निर्माण में सीधी बाधा बन रहे थे। इन्हीं स्थानों पर ब्रिज के पिलर तैयार किए जाएंगे, जिससे भविष्य में वाहनों की आवाजाही सुगम हो सके। लंबे समय से अटकी परियोजना अब जमीन पर उतरती दिख रही है। कार्रवाई के दौरान प्रशासन पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरा। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मकानों को हटाया गया, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। अधिकारियों ने साफ किया कि जिन संपत्तियों पर कार्रवाई हुई है, उनकी लीज अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी थी। नोटिस और समय देने के बावजूद जब कब्जा नहीं हटाया गया, तब मजबूरन बुलडोजर चलाना पड़ा।

इस प्रोजेक्ट का महत्व सिर्फ एक ब्रिज तक सीमित नहीं है। हरि फाटक से लेकर महाकाल घाटी तक सिक्स लेन सडक़ विकसित की जानी है, जिससे शहर के ट्रैफिक दबाव को कम किया जा सके और श्रद्धालुओं को भी राहत मिले। समानांतर ब्रिज बनने के बाद इस मार्ग की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। आज कार्रवाई में भूखण्ड क्रमांक 60 पर बने बशीरन बी, अब्दुल रफीक, मोहम्मद जिशान, अब्दुल गनी के मकान जद में आए। जबकि भूखण्ड क्रमांक 61 पर बिलकिस बानो और मोहम्मद शब्बीर के मकानों पर कार्रवाई की गई।

# मप्र हाउसिंग बोर्ड की कमान संभालेंगे ओम जैन

## सौभाग्यसिंह ठाकुर पाठ्यपुस्तक निगम और रमेशचंद्र शर्मा कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष नियुक्त

**जागरण उज्जैन।** मध्यप्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों का दौर शुरू हो गया है तेज हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवाभारती से जुड़े ओम जैन को मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड का अध्यक्ष बनाया है। इस पद को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त रहेगा और जल्द ही आधिकारिक आदेश जारी होने की संभावना है।

इसके साथ ही मंगरोला निवासी सौभाग्यसिंह ठाकुर को मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम और उज्जैन के कर्मचारी नेता रमेशचंद्र शर्मा को राज्य कर्मचारी कल्याण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

एमएससी, एमए और बीएड डिग्रीधारी जैन ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से की। जैन ने शिक्षक रहते हुए भी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाई। सेवाभारती के माध्यम से उन्होंने अनेक कार्य किए।

2004 से 2024 तक कई लोकसभा चुनावों में उन्होंने प्रभारी और संयोजक की जिम्मेदारी निभाई।

### आम लोग भी खरीद सकेंगे हाउसिंग बोर्ड के मकान....

नियुक्ति को लेकर ओम जैन ने कहा कि वे हाउसिंग बोर्ड को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता अफोर्डेबल हाउसिंग यानी कम कीमत पर आम लोगों को मकान उपलब्ध कराना होगी।

### शिक्षा में संस्कार जोड़ेंगे....

माध्यमिक शिक्षक रहे सौभाग्यसिंह ठाकुर पिछले 40 वर्षों से विद्या भारती से जुड़े हैं। उनकी देखरेख में चिंतामन रोड पर संगठन का बड़ा मुख्यालय बना।

उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ऐसी पाठ्यपुस्तकें तैयार की जाएंगी, जिनमें शिक्षा के साथ संस्कार भी शामिल हों।

### उज्जैन का बढ़ता राजनीतिक प्रभाव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उज्जैन से होने का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। हाल ही में कई महत्वपूर्ण पदों पर उज्जैन से जुड़े नेताओं की नियुक्ति हुई है।

इसमें उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवींद्र सोलंकी, पाठ्यपुस्तक निगम में सौभाग्यसिंह ठाकुर और कर्मचारी कल्याण समिति में रमेशचंद्र शर्मा की नियुक्ति शामिल है।

# इस साल 4 माह में आधा इंच बारिश भी नहीं, 5 साल में अप्रैल रहा सबसे गर्म

## कल से अगले तीन-चार दिन हल्की बारिश की संभावना, ठंडी रहेगी मई की शुरुआत

**जागरण उज्जैन।** साल के सबसे गर्म महीने कहे जाने वाले मई की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन पिछले अप्रैल महीने में गर्मी में पिछले 5 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया था और पारा 43 डिग्री तक चला गया था। वहीं इस वर्ष में अब तक केवल 10 मिमी बारिश दर्ज हुई है। जबकि पिछले साल इसके मुकाबले अधिक बारिश हुई थी। हालांकि इस बार भी अगले कुछ दिनों में हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है। यह बारिश गर्मी से तपते शहर को राहत देने के साथ ही गिरते भूजल स्तर को संभालने में भी मदद करती है।

वेधशाला से मिली जानकारी के मुताबिक उज्जैन में सबसे ज्यादा गर्मी पिछले 5 वर्षों में इस वर्ष अप्रैल के महीने में देखी गई। 25 अप्रैल को उज्जैन में पारा 43 डिग्री पर जा पहुंचा था, जो उज्जैन का बीते 5 वर्षों का सर्वाधिक तापमान है। मौसम विभाग के अनुसार मई माह में औसत अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रहता है, वहीं औसत न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री तक जाता है।

शहर में इस माह में अक्सर गर्म हवाएं लू की स्थिति भी बनाती हैं। इस माह में बारिश भी देखने को मिलती है। उज्जैन में मई माह की औसत वर्षा 13.4 मिलीमीटर है। मई में मौसम बदलने से कभी-कभी तापमान में काफी गिरावट भी देखने को मिलती हैं।

**एक नजर पिछले 5 सालों के अप्रैल के मौसम पर...**

| वर्ष | अधि. | तारीख | न्यून. | तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 2021 | 42.0 | 29 | 23.0 | 24 |
| 2022 | 42.2 | 09 | 27.5 | 21 |
| 2023 | 40.0 | 18 | 25.0 | 26 |
| 2024 | 40.5 | 18 | 24.0 | 19 |
| 2025 | 42.8 | 18 | 27.0 | 29 |
| 2026 | 43.0 | 25 | 26.0 | 28 |

(जानकारी वेधशाला के अनुसार, तापमान डिग्री सेल्सियस में)

### पिछले 5 सालों में 2022, 2025 और 2026 रहे सबसे गर्म....

वेधशाला के अनुसार पिछले 5 सालों में 2022, 2025 और 2026 सबसे ज्यादा गर्म रहा है। 2022 में 9 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री रिकार्ड हुआ जबकि पिछले साल 2025 में 18 अप्रैल को 42.8 डिग्री अधिकतम तापमान रहा। वहीं इस साल 25 अप्रैल को यह 43 डिग्री तक पहुंचा। वहीं 2023 में सबसे कम अधिकतम तापमान 40 डिग्री रिकार्ड किया गया था। पिछले 5 सालों में सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान 2021 में 24 अप्रैल की रात 23 डिग्री के रूप में दर्ज किया गया था।

### कल भी 40.5 डिग्री पर रहा पारा...

वेधशाला स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक कल दिन का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.5 डिग्री और परसों की अपेक्षा 0.5 डिग्री अधिक था, वहीं रात से सुबह के बीच न्यूनतम तापमान आज सुबह 26 डिग्री रहा, जो सामान्य लेकिन कल की अपेक्षा 2 डिग्री अधिक था।

इस दौरान हवाओं की दिशा पश्चिमी रही और अधिकतम रफ्तार 10 किलोमीटर प्रतिघंटे तक पहुंची। वेधशाला अधीक्षक के अनुसार कल से अगले कुछ दिन शहर में बादल छाने के साथ ही हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। इससे तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में लाडली लक्ष्मी दिवस का जिले भर की आंगनबाड़ियों में हुआ आयोजन, जिला पंचायत स्वास्थ्य म्वावि समिति अध्यक्ष ने किया बेटियों का सम्मान



जागरण उज्जैन। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय लाडली लक्ष्मी दिवस् 2 मई का आयोजन जिले भर की आंगनबाडियों में बेटियों के सम्मान के साथ किया गया। जिला पंचायत सभा कक्ष में जिप की विभागीय समिति सभापति श्रीमती राधिका सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य में लाडली बेटियों और उनकी मां ने अपने सुखद अनुभव व्यक्त करते हुए योजना को महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया..। जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाडली लक्ष्मी योजना 2.0का शुभारंभ 2 मई को किए जाने के कारण हर वर्ष इस दिवस को लाडली लक्ष्मी दिवस के रूप में मनाया जाता है..। जिले भर में लाडली लक्ष्मी दिवस के प्रति महिलाओं विशेषकर बेटियों के मन में उत्साहजनक वातावरण देखा गया । आंगनबाडियों में बेटियों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगोली आदि का निर्माण करके खुशियां जताई गई।

कार्यक्रम में जिप सदस्य श्रीमती राधिका सिसोदिया ने लाडली बेटियों से शाला में नियमित अध्ययन की अपील करते हुए अपने कैरियर के लिए शासन की महत्वपूर्ण छात्रवृति सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए लाडली लक्ष्मी योजना के लिए मप्र शासन का महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की गरिमापूर्ण उपस्थिति में सहायक संचालक, विभागीय परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, लाडली बेटियां अपने अभिभावकों सहित उपस्थित थीं।

# एलिवेटेड ब्रिज के विरोध में निकास चौराहे से इंदौर गेट तक निकलेगा पैदल मार्च

**जागरण उज्जैन।** शहर कांग्रेस कार्यालय पर नव नियुक्त पदाधिकारियों की पहली बैठक शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक में शहर के बीचों-बीच बनाए जाने वाले एलिवेटेड ब्रिज का व्यापारी हित में कड़ा विरोध करने का निर्णय लिया गया।

संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि नई कार्यकारिणी द्वारा इस मुद्दे को लेकर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। तय निर्णय के अनुसार, एलिवेटेड ब्रिज के विरोध में आज रविवार शाम 6 बजे निकास चौराहे से लेकर इंदौर गेट तक कांग्रेस पार्टी द्वारा पैदल मार्च निकाला जाएगा और इसके पश्चात ज्ञापन सौंपा जाएगा। कांग्रेस का स्पष्ट तर्क है कि शहर के प्रथम प्रमुख मार्ग पर इस ब्रिज की कोई आवश्यकता नहीं है। आगे जाकर यह महाकाल ब्रिज में मिल जाता है, जिससे वहां ट्रैफिक का अनावश्यक दबाव और अधिक बढ़ जाएगा।

बैठक में उज्जैन उत्तर विधानसभा के प्रभारी अनिल गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया, जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों का विधानसभा प्रभारी अनिल गोस्वामी से परिचय कराया गया। बैठक के दौरान संगठन के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर भी चर्चा हुई।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, राजेश राणा, धीरज यादव, बब्लू खींची, चंद्रभान सिंह चंदेल, संचित शर्मा, दुर्गेश धवन, बंटी वसीम, रहीम लाला, आनंद मीणा, राहुल लोट, अभिषेक लाला, रमेश सांखला, गजेंद्र मारोठिया, शाहिद सिद्दीकी, चेतन भाट, सोनिया ठाकुर, वंदना मिमरोट और हर्षवर्धन यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व पार्षद देवव्रत यादव ने किया।

बैठक के अंत में दिवंगत कांग्रेस नेता राजहुजूर सिंह गौर और संजीव पटेल के साथ ही जबलपुर डैम हादसे में मृत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# जनगणना कार्य के दौरान भवनों की गणना का कार्य प्रारंभ



**जागरण महिदपुर।** जनगणना कार्य के दौरान पहले चरण में भवनों की गणना का कार्य 1 मई 2026से शुरू हुआ। जिसके अंतर्गत शिक्षक कर्मचारी, लोगों के घर-घर जाकर भवन की जानकारी प्राप्त करेंगे तथा मकान में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या व उपयोग में लिए जाने वाली ईंधन पानी बिजली इंटरनेट सुविधा जैसे 34 सवालों का उत्तर मकान मालिक से जानेंगे। इस बार की जनगणना की खूबी यह है कि जनगणना ऑनलाइन( पेपरलेस ) हो रही है। वार्ड नंबर 14, 15 और 16 में जनगणना में कार्यरत कर्मचारियों ने वार्ड के मकान सूचीकरण एवं मकानों का गणना कार्य प्रारंभ किया।

## न्यूज कार्नर

### डूबने से वृद्ध की मौत

**अशोकनगर।** कदवाया थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर में एक 68 वर्षीय वृद्ध ने कुआं में छलांग लगा दीए जिससे पानी में डूबकर वृद्ध की मौत हो गई। मृतक का नाम कमल सिंह लोधी है वह गोपालपुर गांव का ही रहने वाला था। एक मई को दोपहर करीब 12 बजे कमल सिंह लोधी कुआं में कूद गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### खरीदी केन्द्रों पर कतार में खड़े किसानों की मौसम ने बढ़ाई चिंता

**अशोकनगर।** जिले में पिछले दो-तीन दिनों से मौसम में बदलाव आया है इस कारण आसमान में बादल छाए हुए हैं और तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधियां चल रही हैं। शुक्र वार की रात और शनिवार को दिन में जिले के कई अंचलों में बूंदाबांदी भी हुई। शनिवार की दोपहर में तेज आंधियां चलने से कई घरों के छान-छप्पर उड़ गए। बदले हुए मौसम से सबसे अधिक परेशानी उन किसानों को आ रही है जो समर्थन मूल्य पर अनाज बेंचने के लिए ट्रैक्टर.ट्राली लेकर खरीदी केन्द्रों पर पहुंचे हैं। खुले में ट्रैक्टर-ट्राली खड़े होने से बारिश होने की स्थिति में अनाज के भीगने की आशंका रहती है यदि अनाज भीग गया तो उसमें नमी बढ़ जाएगी और सर्वेयर द्वारा अनाज को रिजेक्ट कर दिया जाएगा जिससे किसानों को दोबारा से खरीदी केन्द्रों पर आना पड़ेगा।

### खैरा ललोई में करंट लगने से दो पशुओं की मौत

**अशोकनगर।** विधानसभा अशोकनगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरा ललोई में शनिवार की सुबह बिजली का करंट लगने से एक गाय और भैंस की मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई है। ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर विद्युत विभाग के विरुद्ध नारेबाजी की। बताया जा रहा है कि बिजली का तार टूटने से गाय-भैंस को करंट लगा था। सूचना मिलने के बाद विधायक इंजी. हरिबाबू राय खैरा ललोई गांव पहुंचे, यहां उन्होंने ग्रामीणों को समझाइस दी साथ ही मौके से ही विद्युत विभाग के अधिकारियों से भी फोन लगाकर बात की। विधायक ने पशु मालिकों को शीघ्र उचित मुआवजा दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि नियमानुसार मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

### तीन ठिकानों पर छापेमारी, अवैध खनिज भंडारण और परिवहन पकड़ा

**जागरण, शिवपुरी।** कलेक्टर के निर्देश और खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में अवैध खनन के खिलाफ कोलारस क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। हाल ही में समाचार पत्र में प्रकाशित अवैध गिट्टी, रेत और मुरम के भंडारण व परिवहन की खबर के बाद खनिज विभाग हरकत में आया और खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। शनिवार को खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास अपनी टीम के साथ कोलारस क्षेत्र में सक्रिय हुए। टीम में नव नियुक्त खनिज निरीक्षक ऋषभ दीक्षित, सिपाही रवि नायर, शिशुपाल वैस और वाहन चालक विक्की शामिल रहे। दल ने तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमार कार्रवाई कर अवैध खनन माफियाओं की कमर तोड़ दी। पहली कार्रवाई कोलारस बायपास पर स्थित जैन बिल्डिंग मटेरियल पर की गई, जहां भारी मात्रा में अवैध रेत और गिट्टी का भंडारण पाया गया। दूसरी कार्रवाई एबी रोड स्थित सुमित बिल्डिंग मैटेरियल मशीन स्थल पर हुई, जहां बिना अनुमति के खनिज सामग्री का परिवहन किया जा रहा था। तीसरी कार्रवाई नानीपुरा क्षेत्र में एक अन्य भंडारण स्थल पर की गई, जहां से अवैध रूप से रखी गई खनिज सामग्री जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान एक सोनालिका ट्रैक्टर और अन्य परिवहन साधनों को भी जब्त किया गया। जब्त वाहनों और सामग्री को पुलिस थाना कोलारस में सुरक्षित रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा मौके पर ही पंचनामा तैयार कर नियमानुसार प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

# ड्राइवर ही निकला मटर व्यापारी से लूट का मास्टर माइंड

## ग्राम नानौन एवं गरेठी के बीच दिया था वारदात को अंजाम



**जागरण अशोकनगर।** बीते दिनों पिपरई थाना क्षेत्र में एक दिव्यांग व्यापारी के साथ मारपीट कर डेढ़ लाख से ज्यादा रुपये लूट लिए गए थे। इस मामले में पुलिस ने जांच की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ है जिसमें पता चला है कि लूट की पूरी साजिश पिकअप वाहन के ड्राइवर और उसके साथी ने रची थी। आरोपियों को पिकअप वाहन की किश्त और टायर बदलने के लिए रुपयों की जरूरत थी।

कचनार निवासी ब्रजमोहन यादव ने मटर बेंचने के लिए, ललितपुर जाने हेतु पिकअप वाहन चालक राहुल यादव और रविन्द्र यादव से संपर्क किया। उन्होंने पिकअप वाहन से मटर ले जाने के लिए ब्रजमोहन से हां कर दी,इसके बाद जब व्यापारी मटर बेंचकर 29 और 30 अप्रैल की रात जब लौटकर पिपरई थाना क्षेत्र के नानोन गरेंठी मार्ग पर पहुंचा तो कुछ लोगों ने पिकअप वाहन को रुकवा लिया एवं व्यापारी और ड्राइवर और उसके साथी के साथ मारपीट की। इस दौरान उन्होंने व्यापारी से 1,55, 500 रुपये और आधार कार्ड लूट लिया। ब्रजमोहन ने रात में ही थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच की। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं पूछताछ के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि आरोपी राहुल यादव एवं रविन्द्र यादव को पिकअप वाहन की किस्त जमा करने एवं टायर बदलने के लिए पैसे की आवश्यकता थी, इसीलिए उन्होंने ही व्यापारी के साथ लूट का शडयंत्र रचा और इसे अंजाम देने के लिए भरत यादव, शिवजीत यादव, अजय यादव से संपर्क किया और व्यापारी के साथ लूट की साजिश रची। योजना के अनुसार मंडी से लौटते समय रात्रि 09 बजे एक सुनसान स्थान ग्राम नानौन एवं गरेठी के बीच पर वारदात को अंजाम देना तय किया गया, जहां रात्रि में आवाजाही कम रहती है।

योजना के तहत राहुल यादव ने रास्ते में चंदेरी बायपास के पास रविन्द्र यादव के मोबाइल से भरत यादव को फोन कर लोकेशन की जानकारी दी और उसे तय स्थान पर पहुंचने के लिए कहा। इसके बाद भरत यादव अपने साथी शिवजीत यादव,अजय यादव तथा अन्य सहयोगियों के साथ दो वाहनों से मौके पर पहुंचा। ग्राम गरेंठी से लगभग एक-डेढ़ किमी आगे नानौन की ओर पुल के पास आरोपियों ने पिकअप वाहन को रुकवाया। तत्पश्चात भरत यादव एवं उसके साथियों ने फरियादी बृजमोहन यादव को वाहन से जबरन नीचे उतारकर उसके साथ मारपीट की और उससे 1,55,500 रूपये एवं आधार कार्ड लूट लिया। वारदात के दौरान सहअभियुक्तों ने राहुल एवं रविन्द्र के साथ भी मारपीट का दिखावा किया ताकि उन पर किसी प्रकार का संदेह न हो। पुलिस ने आरोपियों से एक लाख रुपये, पिकअप वाहन, इलेक्ट्रिक स्कूटी एवं कार जप्त की है। प्रकरण में आरोपी अजय यादव एवं शिवजीत यादव की गिरफ्तारी तथा शेष 55,500 रुपये की बरामदगी शेष है। आरोपियों से पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी




**जागरण अशोकनगर।** जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ द्वारा शनिवार को कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपा गया। ज्ञापन में समर्थन मूल्य पर हो रही खरीदी में किसानों के लिए आ रही परेशानियों का उल्लेख किया गया है साथ ही इन समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है।

किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का निराकरण सात दिन के अंदर नहीं होता है तो जिले का किसान उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन में बताया गया है कि उपार्जन पोर्टल न खुलने एवं धीमी गति से पोर्टल चलने के कारण उपार्जन केन्द्रों पर सभी फसलों के स्लॉट बुक नहीं हो पा रहे हैं एवं जो फसल तुल गई है उनको सर्वर न मिलने के कारण फसल ऑनलाइन अपडेट नहीं हो पा रही है जिससे किसान बहुत परेशान हैं। पोर्टल एवं सर्वर को अपडेट कराएं जिससे किसान अपना कार्य स्वयं समय पर कर सकें। इसके अलावा किसान की फर्मर आईडी में समस्या आ रही है जैसे किसान का नाम सर्वे नंबर आदि का डाटा गलत आ रहा है बेवसाइट सही करवाएं। किसान संघ ने ज्ञापन में मांग की है कि खाद वितरण में ई-टोकन की बाध्यता खत्म की जाए एवं खाद को ऑनलाइन.ऑफलाइन एवं खुले बाजार में उपलब्ध कराया जाए। जिले में सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है नहर के माध्यम से सिंचाई के नाम की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

## पुल बनाने में बाधा बन रहा था स्टॉपडेम में जमा पानी, विभाग ने दो गेट खोले

**बहादुरपुर।** कस्बे में खैरखाड़ी मार्ग पर स्थित मोला नदी स्टॉपडेम के दो गेट शनिवार को जल संसाधन विभाग ने खोल दिए हैं। जिससे बड़ी मात्रा में जमा पानी बह निकला। इस पानी के एकदम बहने से स्टॉपडेम के नीचे रेत में हो रही खरबूजा और ककड़ी की खेती को नुकसान हुआ और रेत के खेतों में से पौधे पानी के तेज बहाव के साथ बह गए। सुमेर निवासी किसान रामकिशन केवट ने बताया कि करीब एक महीने पहले ही बीज बोए थे। जिसमें से पौधे निकल कर तैयार हो रहे थे लेकिन एकदम पानी आ जाने से उन्हे नुकसान हो गया। वहीं सुमेर के पूर्व सरपंच चंद्रपाल सिंह बैस ने बताया कि गर्मी के महीनों में यदि स्टॉपडेम खाली हो गया तो मवेषियों के सामने पानी की परेषानी आ जाएगी। बहादुरपुर के निवासी हेमंत ओझा ने बताया कि बीते कई वर्षों का अनुभव है कि यदि स्टॉपडेम भरा रहता है तो बस्ती का जलस्तर बढ़ा रहता है, यदि स्टॉपडेम से पानी निकल जाता है तो जलस्तर गिर जाता है। दूसरी ओर जलसंसाधन विभाग के उपयंत्री विपेन्द्र सिंह का कहना था कि हमें वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा डेम के गेट खुलवाने के निर्देष दिए गए थे। इसलिए डेम के गेट खोलकर पानी बहाया गया है। बीते दिनों जब कलेक्टर साकेत मालवीय ने इस निर्माण कार्य के संबंध में निरीक्षण उपरांत समीक्षा बैठक रखी तो एनएचएआई के अधिकारियों ने अन्य मांगों के साथ मोला नदी के स्टॉपडेम का पानी खाली करने की मांग भी रखी थी ताकि बहादुरपुर बायपास के तहत मोला नदी पर निर्माणाधीन पुल का काम बरसात से पहले पूर्ण किया जा सके।

## क्लब ने मनाया चार्टर्ड डे

**जागरण अशोकनगर।** लीनेस क्लब सर्वमंगला ने चार्टर्ड डे मनाया। विगत वर्षों में क्लब ने जो भी सामाजिक कार्य किए है उन कार्यों पर चर्चा करके आगे भी सभी कार्य इस वर्ष करते रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्लब की चार्टर्ड अध्यक्षा लीनेस दिव्यप्रभा तायडे,क्लब की अध्यक्षा लीनेस अमिता खेर,सचिव लीनेस अंजना अग्रवाल, उपाध्यक्षा लीनेस रानी जुनेजा, लीनेस मनीषा ओझा, लिनेस नेहा अरोरा,लीनेस स्नेहा ठाकुर उपस्थित रहे।

# णमोदय क्षेत्र आने वाले समय में विशाल रूप लेगा: मुनिश्री




**जागरण मुंगावली।** णमोदय क्षेत्र आने वाले समय में विशाल रूप लेगा जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है, इसके मूल नायक होगे श्रीचंद्र प्रभु भगवान यह मंदिर आप लोगों का है ओर लाभ भी आप लोगों को ही मिलेगा इसके पंच कल्याणक होने के बाद आप सब देखना यह क्षेत्र की तरह प्रगति करेगा।

देश से जब भी कोई तीर्थ यात्री बुंदेलखंड की यात्रा पर निकलेगा तो वह णमोदय तीर्थ पर जरूर रुकेगा और यहां आकर जब वह श्री चंद्र प्रभु भगवान के दर्शन करेगा तो आप देखना उसे जो खुशी मिलेगी वह देखने लायक होगी बस अब आप लोगों जी जान लगाकर इस क्षेत्र का काम पूरा करने में लगा दो, और जल्द ही निर्माण कार्य पूरा करो इस क्षेत्र को बनाने का जो सौभाग्य आप लोगों को मिला है वह बड़े ही पुण्य के साथ मिलता है उक्त उदगार नगर में विराजमान निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने अपने मंगल देशना में धर्म सभा को संबोधित करते हुए संत निवास में कही आगे कहा कि इसमें संत निवास का निर्माण भी होना चाहिए जिससे कोई संत साध्वी आए तो वह यही रुक सके और साधना कर सके क्योंकि तीर्थ का निर्माण जग के कल्याण के लिए होता है मंदिर का निर्माण कार्य केवल शहर के लिए होता है और आपके यहां तीर्थ का निर्माण हो रहा है ऐसे में आपको इस निर्माण कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और अपने सामर्थ के हिसाब से दान देना चाहिए अपना सामर्थ कभी मत छिपाना क्योंकि जिसने भी सामर्थ वान होने के बाद भी दान नहीं दिया तो कर्म उसे ऐसा बना देगा कि आपके भाव मंदिर बनाने के होगे मगर आप बना नहीं पाएंगे क्योंकि कर्म ने जब आपको धन दिया तब आपने अपनी शक्ति छिपाई इसलिए कभी भी भगवान के सामने अपनी शक्ति को मत छिपाना।

**सुधा सागर कॉम्पेक्स का होगा निर्माण:** नगर के पोस्ट ऑफिस चौराहे पर शीतलनाथ दिगम्बर जैन मंदिर की जो जमीन खाली पड़ी है उसमें अब सुधा सागर कॉम्पेक्स का निर्माण कार्य कराया जाएगा और वह मार्केट जैन समाज के लोगों के लिए आवंटित किया जाएगा,जिसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा जिसका मंगल आशीर्वाद कमेटी द्वारा मुनि श्री से ले लिया गया है।

# जनगणना कार्य का शुभारंभ सीएमओ ने संभाली कमान



**जागरण मुंगावली।**

नगर परिषद मुंगावली द्वारा नगर में जनगणना कार्य का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य के सफल संचालन के लिए नगर परिषद सी एम ओ विनय भट्ट द्वारा 31 प्रगणक एवं 6 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जबकि मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रमोद चतुर्वेदी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जनगणना कार्य के दौरान नगर परिषद के सीएमओ भी स्वयं नगर की गलियों में पहुंचे और घर-घर जाकर परिवारों से जनगणना से संबंधित विभिन्न जानकारी प्राप्त की। उन्होंने परिवार के सदस्यों से आवश्यक सवाल पूछकर जनगणना प्रक्रिया का जायजा लिया तथा प्रगणकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। और कहा कि ये सरकार का बहुत ही जरूरी कार्य है कोई भी परिवार छूटे नहीं ओर पूरी जानकारी भी स्पष्ट रूप से संग्रहीत की जाए। जनगणना का कार्य समय ओर पूरी निष्ठा लगन से किया जाए। नगर परिषद सीएमओ ने बताया कि जनगणना के माध्यम से नगर की जनसंख्या, परिवारों एवं उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र किए जा रहे हैं। परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना दल को सही जानकारी देकर इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करें, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके।

# तेज आंधी : दीवारें, पेड़, होर्डिंग गिरे, कई वाहन क्षतिग्रस्त

## छत से गिरी महिला और किशोरी, आग लगने की भी घटनाएं सामने आईं



**जागरण, शिवपुरी।** जिले में अचानक आई तेज आंधी ने ऐसा कहर बरपाया कि शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक तबाही के मंजर देखने को मिले। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि छत पर मौजूद एक बालिका और एक महिला हवा के झोंके में पहली मंजिल से नीचे गिरकर घायल हो गईं। करीब एक घंटे चली इस आंधी के बाद बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए, वहीं जिलेभर में पेड़, दीवारें, हाईमास्ट पोल और होर्डिंग गिरने के साथ आग लगने की घटनाएं भी सामने आईं।

इधर, शिवपुरी शहर के पोलो ग्राउंड की दीवार भरभराकर गिर गई, जिसके नीचे तीन लोग दब गए। इनमें खुडा बस्ती निवासी बृजेंद्र उर्फ गोलू, रन्नौद से आए गिरजेश चंद्र आचार्य और एक अन्य युवक घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बस स्टैंड पर भी हादसा हुआ, जहां देवरी राजस्थान से घूमने आए बादल आदिवासी के सिर में उड़कर आई किसी वस्तु के लगने से चोट आई। सबसे चौंकाने वाली घटना फतेहपुर क्षेत्र में सामने आई, जहां 16 वर्षीय अनुरती तेज हवा के झोंके में छत से नीचे गिर गई। वहीं गौशाला क्षेत्र में रामदेवी लोधी भी आंधी के कारण छत से गिरकर घायल हो गईं। दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है। शहर के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ। पोस्टमार्टम हाउस के पास पेड़ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गिर गया। कोतवाली के पास पेड़ गिर गया। माधव चौक स्थित सुभात मस्जिद के पास विशाल नीम का पेड़ गिरने से दो बाइक और एक स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गईं। इंडस्ट्रियल एरिया में पेड़ कार पर गिरा, जिससे कार को नुकसान पहुंचा। वहीं छत्री रोड पर तारों के टकराने के बाद पेड़ में करंट फैल गया। जिसकी चिंगारियों को देख लोग दहशत में आ गए। पुराने बस स्टैंड पर तेज हवा ने एक फल विक्रेता का हाथ ठेला पलट दिया, जिससे फल सड़क पर बिखर गए। वहीं परशुराम चौराहे पर नगर पालिका का भारी लोहे का होर्डिंग करीब 60 डिग्री तक झुक गया, जिससे खतरा बना हुआ है। अंचल में भी असर देखने को मिला। कोलारस थाना क्षेत्र के पूरनखेड़ी टोल प्लाजा (हा॥-46) पर हाईमास्ट लाइट का विशाल पोल टूटकर पास के होटल पर गिर गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। नरवर तहसील के इमलिया, सिमरिया और पारागढ़ गांव में तेज हवा के बीच आग लग गई, जिसने कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। चार दमकल गाड़ियां और पानी के टैंकर आग बुझाने में जुटे हैं। स्थानीय लोगों की मदद से करीब 40 से 50 प्रतिशत आग पर काबू पाया गया है, लेकिन कई जगह आग अभी भी फैल रही है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। तेज आंधी और बारिश के इस घटनाक्रम ने पूरे शिवपुरी जिले में डर और नुकसान का माहौल बना दिया है।

### दोपहर से रात तक ब्लैकआउट

तेज आंधी-तूफान का असर बिजली व्यवस्था पर भी भारी पड़ा। दोपहर में चली तेज हवाओं और पेड़-पोल गिरने से शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई। हालात ऐसे रहे कि दोपहर से लेकर रात तक लोग अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। बिजली गुल होने से घरों के साथ बाजार और जरूरी सेवाएं भी प्रभावित हुईं। गर्मी के बीच बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। विद्युत विभाग की टीमें फॉल्ट सुधार में जुटी रहीं, लेकिन व्यापक नुकसान के चलते सप्लाई बहाल करने में लंबा समय लग गया।

# समस्त राजस्व अधिकारी उपार्जन व्यवस्था की सतत निगरानी करें : कलेक्टर




**जागरण, शिवपुरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने समस्त राजस्व अधिकारियों को उपार्जन व्यवस्था की कड़ी निगरानी के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देशानुसार राजस्व अधिकारियों द्वारा उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर अजय शर्मा ने उपार्जन केंद्र बैराड़ का निरीक्षण किया और डिप्टी कलेक्टर शिवदयाल धाकड़ ने मलावनी, कमालपुर पिछोर के गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त राजस्व अधिकारियों द्वारा टोकन वितरण, बारदाना की उपलब्धता, गेहूं का परिवहन, भुगतान और गेहूं के गुणवत्ता की जानकारी ली जा रही है। इसके अलावा उपार्जन केंद्रों पर पेयजल और छाया की व्यवस्था की भी जानकारी ली जा रही है। कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा उपार्जन व्यवस्था को लेकर सख्त हैं। वह स्वयं भी उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि उपार्जन व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि कहीं कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पीएमश्री स्कूल के छात्रों का भोपाल में दबदबा, 9 गोल्ड सहित पदकों की झड़ी



**जागरण, शिवपुरी।** भोपाल में आयोजित 55वीं क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में शिवपुरी के पीएम श्री स्कूल (केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी) के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। स्केटिंग से लेकर वॉलीबॉल, शूटिंग, शतरंज, जूडो और योग तक, हर स्पर्धा में छात्रों ने दमदार खेल दिखाते हुए पदकों की झड़ी लगा दी।

सबसे ज्यादा चमक स्केटिंग में देखने को मिली, जहां खिलाड़ियों ने कुल 9 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंडर-17 वर्ग में चित्रांश दोहरे ने अकेले 3 गोल्ड जीतकर प्रतियोगिता में अपना दबदबा साबित किया। आदित्य मिश्रा ने 1 स्वर्ण और 2 रजत, अर्जित धाकड़ ने 1 स्वर्ण व 1 कांस्य, पीयूष राठौर और आर्यन यादव ने क्रमशः 1 और 2 स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं ईशान नामदेव ने 2 रजत पदक जीतकर टीम को मजबूती दी। अंडर-14 वर्ग में अर्नव गुप्ता ने स्वर्ण और अभिनव सिंह जाट ने रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। टीम इवेंट में भी छात्रों ने निराश नहीं किया। अंडर-17 बालक वर्ग की वॉलीबॉल टीम ने कांस्य पदक जीतकर अपनी ताकत दिखाई, जबकि बालिका टीम चौथे स्थान पर रही। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में रुद्र श्रीवास्तव ने 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीता। बौद्धिक खेलों में भी शिवपुरी के खिलाड़ियों का जलवा कायम रहा। शतरंज के अंडर-17 वर्ग में हर्ष माथुर ने कांस्य और अंडर-14 में लावण्या सेन ने रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा टेबल टेनिस में संभव जैन ने कांस्य पदक जीता, जबकि जूडो अंडर-14 में यशवर्धन रघुवंशी और योग (आर्टिस्टिक) में इला जैन ने क्रमशः कांस्य और रजत पदक जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में इजाफा किया। 28 से 30 अप्रैल तक भोपाल के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में आयोजित इस प्रतियोगिता में शिवपुरी के खिलाड़ियों ने जिस आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ प्रदर्शन किया, उसने सभी का ध्यान खींचा।

# सनसनीखेज हत्या का खुलासा : नाती ने रची थी दादी की हत्या की साजिश

## शिवपुरी में सुपारी लेकर आए दोस्त ने पैर छूकर मार दी थी गोली




**जागरण, शिवपुरी।** तेंदुआ थाना क्षेत्र के डेहरवारा गांव में 22 अप्रैल को हुई बुजुर्ग महिला रामसखी धाकड़ की हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार, इस वारदात का मास्टरमाइंड महिला का नाती निकला, जिसने अपने दोस्त के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। घटना 22 अप्रैल की दोपहर की है, जब तीन युवक बाइक पर सवार होकर डेहरवारा गांव पहुंचे। उन्होंने शादी का कार्ड देने के बहाने रामसखी धाकड़ के घर का दरवाजा खुलवाया। जैसे ही महिला बाहर आईं, एक युवक ने पहले उनके पैर छुए और फिर तुरंत उनके सिर में गोली मार दी। यह वारदात नातिन के सामने हुई थी।

जांच में सामने आया कि रामसखी धाकड़ की शादी लक्ष्मी नारायण लोधी से हुई थी। परिवार के पास करीब 35 बीघा जमीन थी, जिसका बंटवारा पहले ही हो चुका था। रामसखी अपनी हिस्से की जमीन अपने बेटे मुनेश धाकड़ के नाम करना चाहती थीं, जिससे परिवार में विवाद बढ़ गया था। शुरुआत में शक सौतेले बेटों पर गया था, जिन पर नामांतरण का विरोध करने का आरोप था। एसडीओपी संजय मिश्रा ने बताया कि पुलिस जांच के बाद इस हत्या का मास्टरमाइंड रामसखी की सौतेली बेटी गुड्डी धाकड़ का बेटा पुष्पराज धाकड़ निकला। पुलिस के मुताबिक, पुष्पराज अपनी मां के साथ रामसखी द्वारा कथित दुर्व्यवहार से नाराज था और इसी का बदला लेने के लिए उसने हत्या की योजना बनाई।

पुष्पराज की दोस्ती शिवपुरी में रहने वाले निकेंद्र रावत से थी, जो कर्ज में डूबा हुआ था। पुष्पराज ने निकेंद्र को पैसों का लालच देकर हत्या के लिए राजी किया। हत्या के दिन दोनों शादी का कार्ड लेकर घर पहुंचे और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि हत्या में इस्तेमाल की गई पिस्टल निकेंद्र की थी और गोली भी उसी ने चलाई थी। वारदात से पहले करीब 36 हजार रुपए खर्च किए गए थे और आगे और पैसे देने की बात तय हुई थी।

### दोनों आरोपी गिरफ्तार पिस्टल बरामद

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद कर ली है। तेंदुआ थाना पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है।

**नीट परीक्षा की तैयारियां पूरी, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज आगामी नीट परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित बैठक में एसपी हितिका वासल, एडीएम अखिलेश जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान परीक्षा के पांचों केंद्रों के प्राचार्यों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।



# जागरण गुना

गुना, 3 मई 2026 — चांचौड़ा - राघौगढ़ — www.dainikjagranmpcg.com


**लंबित विद्युत प्रकरणों का होगा निराकरण**

**जागरण, हरदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 9 मई शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। इस लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के सभी घरेलूए सभी कृषि 5 किलोवॉट भार तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख रुपये तक के प्रकरणों में छूट दी जाएगी।

## न्यूज़ कॉर्नर

### नपा सीएमओ ने जनगणना की व्यवस्थाओं को जांचा



**राघौगढ़।** कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज जनगणना अधिकारी राघौगढ़ तेज सिंह यादव द्वारा एवं जिला जनगणना प्रभारी मनोज कुमार कनाडे द्वारा वार्ड में भवन नंबरिंग का कार्य प्रारंभ किए जाने हेतु प्रगणक को आवश्यक निर्देश दिए एवं साथ ही समय सीमा में जनगणना कार्य पूर्ण करने का प्रयास करने को कहा। इस मौके पर नपा सीएमओ के एच एल बी सक्रिल के पर्यवेक्षक एवं आरिफ खान उपस्थित रहे।

### टीबी मरीजों को दी निक्षय पोषण किट फूड बॉस्केट



**राघोगढ़।** डॉ. धर्मेंद्र श्रीवास्तव के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राघोगढ़ में पदस्थ मुख् एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल मोरीवाल द्वारा निक्षय मित्र बनकर 2 टी.बी. मरीजो को निक्षय पोषण किट फूड बॉस्केट अपने हाथों से वितरित की गई। साथ ही दी गई किट के फायदे के बारे में भी उपस्थित मरीजों को जानकारी प्रदान की गई। जिनमें आटा, तुवर दाल, मूंगफली दाने पैकेट, दलिया पैकेट , सोयाबीन बड़ी सफोला पैकेट शामिल है। साथ ही बीएमओ द्वारा उपस्थित सभी स्टाफ को निक्षय मित्र के महत्व और स्वयं की सामाजिक सहभागिता निभाने के लिए स्वम के द्वारा टीवी मरीज को फूड बास्केट प्रदाय करने की सलाह दी गई। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा गणमान्य नागरिकों से अपील की गई की निक्षय मित्र बनकर टीवी मरीजों को पोषण सहायता दिलाने में अपनी भूमिका निभाएं।

### होंठ में छिपा था टुकड़ा सर्जरी कर निकाला

**गुना।** जिला अस्पताल में एक ऐसा हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक महिला के होंठ से तीन साल बाद टूटा हुआ दांत निकाला गया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में डॉक्टरों की टीम ने यह जटिल और अनोखी सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की। दरअसल, ग्राम हिनोतिया निवासी रश्मि कुशवाह तीन साल पहले एक सड़क दुर्घटना का शिकार हुई थीं, जिसमें उनके दांत टूट गए थे। करीब 8 दिन पहले उन्हें अचानक होंठ में तेज दर्द महसूस हुआ। डॉ. प्रदीप कुशवाह, डॉ. अरुण, डॉ. निधि, डॉ. अन्नू और डॉ. साक्षी की कुशल टीम ने सावधानीपूर्वक ऑपरेशन कर दांत के उस टुकड़े को बाहर निकाला। सर्जरी के बाद रश्मि पूरी तरह स्वस्थ हैं।

### योग दिवस के लिए 50 दिनी काउंटडाउन शुरू

**गुना।** आयुष विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह गनावे के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पूर्व 50 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस क्रम में 2 मई 2026 को ओंकार नर्सिंग कॉलेज, गुना में योग शिविर का आयोजन किया गया।

### रेलवे स्टेशन पर नहीं अधिकारियों का ध्यान, नहीं सुधर पा रहीं व्यवस्थाएं

# स्टेशन पर मौजूद 21 प्याऊ, आधी भी नहीं चालू ,भीषण गर्मी में यात्रियों के कंठ सूखे

**जागरण, गुना।** रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पिछले दो वर्षों से पुनर्विकास का कार्य चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद यात्री मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में यात्रियों को स्टेशन पर पीने का साफ पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। स्टेशन पर कहने को तो 21 प्याऊ बने हुए हैं, लेकिन रखरखाव के अभाव में वे सूखे पड़े हैं या उनकी टोटियां टूटी हुई हैं। इतना ही नहीं, पानी की टंकियों की नियमित सफाई न होने और वेटिंग हॉल में ताला लटका रहने के कारण यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। पेयजल की समस्या को लेकर कई बार समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित हुए हैं, लेकिन रेलवे प्रबंधन के सिर पर जैसे जूं भी नहीं रेंग रही है। स्टेशन पर दिनभर में भीषण गर्मी के समय लगभग दो दर्जन से




अधिक यात्री ट्रेनें गुजरती हैं, लेकिन यात्रियों को पीने के लिए ठंडा और शुद्ध पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके लिए यात्री पानी की बोतल खरीदने को मजबूर हैं।

वहीं स्टेशन की साफ-सफाई व्यवस्था की स्थिति भी काफी दयनीय है। स्टेशन के प्लेटफार्म पर निर्माण कार्य तो नये है लेकिन देखकर लगता है कि कंस्ट्रेक्शन पुराना है। जगह-जगह उबड़-खाबड़ पत्थर लगे होने से यात्रियों के पैर भी ठोकर खा रहे हैं। वहीं आवारा मवेशियों को भी स्टेशन पर आराम से विचरण करते हुए देखा जा सकता है। ऐसा नहीं है कि प्रबंधन को अव्यवस्था की जानकारी नहीं है, लेकिन इच्छा शक्ति की कमी और लापरवाही के कारण व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रहीं हैं।

**डीवाययो ने किया प्रदर्शन:** इन अव्यवस्थाओं के विरोध में डीवायओ ने गुना स्टेशन मास्टर के माध्यम से भोपाल रेल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी के नाम एक ज्ञापन प्रेषित किया है। संगठन ने अपनी प्रमुख मांगों में स्टेशन पर बंद पड़ी प्याऊ को तुरंत शुरू करने और दोनों प्लेटफॉर्म पर वाटर कूलर लगाने की बात कही है। साथ ही यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने, जरूरत के अनुसार नए छायादार शेड लगाने और महिला व पुरुष शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि शौचालयों में गेट न होने और साफ-सफाई की कमी से यात्रियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# साईं विहार कॉलोनी में हथियारों से लैस नकाबपोशों का आतंक

### सीसीटीवी में कैद हुई घर में घुसने की कोशिश

**जागरण, गुना।** शहर की साईं विहार कॉलोनी साईं मंदिर के पास में इन दिनों चोर और लुटेरों के मूवमेंट से रहवासियों में भारी दहशत है। हाल ही में कॉलोनी के निवासी शैलेष राजपूत के घर पर



हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोलने का प्रयास किया, जिसकी पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

**ऋतिक रोशन जैसा नकाब और टैटू वाला बदमाश:** सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि बेखौफ बदमाश हथियारों के साथ घर में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। वे मकान की दूसरी मंजिल तक पहुंच गए थे। फुटेज में एक बदमाश फिल्म क्रिश के ऋतिक रोशन जैसा नकाब पहने नजर आ रहा है, जिसके हाथ पर एक विशिष्ट टैटू भी बना हुआ है। गनीमत रही कि वारदात के समय घर में किसी की नींद नहीं खुली, अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी या जानलेवा हमला हो सकता था।

**पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग:** कॉलोनी में नकाबपोशों की लगातार आवाजाही से स्थानीय लोग डरे हुए हैं। रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र में बदमाशों का आतंक बढ़ रहा है और यहां पुलिस गश्त की सख्त जरूरत है। पीड़ित परिवार और स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन नकाबपोश बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए।

### गैस सिलेंडरों की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी से आमजन प्रभावित

# व्यवसायिक सिलेंडर में बढ़े रिकॉर्ड ९९३ रुपए, केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**जागरण, गुना।** केन्द्र सरकार भले ही बार-बार गैस सिलेंडर की दिक्कत को नजरअंदाज कर देश में सुलभ आपूर्ति का दावा कर रही है, लेकिन हकीकत में गैस सिलेंडर की मारा-मारी हर जगह जारी है। किल्लत के साथ-साथ गैस सिलेंडर के दाम भी हर माह बढ़ रहे हैं जिसका सीधा-सीधा असर जनता की जेब पर पड़ रहा है। घरेलू सिलेंडर में हर माह 10 से 20 रुपए की वृद्धि हो रही है। मार्च के महीने में घरेलू सिलेंडर की कीमत बढ़ाकर 965 रुपए कर दी गई है। अब फिर एक बार घरेलु सिलेंडर की कीमतें 1000 पार करने की तैयारी है। इससे पूर्व व्यवसायिक सिलेंडर के दामों में तो रिकॉर्ड वृद्धि हुई है, जो सिलेंडर पहले 2078 का हुआ करता था आज उसकी कीमत 3,071.50 रुपये तक पहुंच गई है। व्यवसायिक सिलेंडर में रिकॉर्ड 993 रूपए की वृद्धि हुई है। वहीं 5 किलो वाला सिलेंडर पर भी 261 रुपये बढ़ गए




गुना। लक्ष्मीगंज में विरोध प्रदर्शन करते एसयूसीआई के कार्यकर्ता।

हैं। इस मूल वृद्धि का सीधा-सीधा असर जनता पर पड़ा है। वहीं व्यवसायिक सिलेंडर में वृद्धि से होटल और रेस्टोरेंट की कीमतों में वृद्धि हुई है।

### वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन

शनिवार को केंद्र सरकार द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडरों के दामों में की गई बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया की गुना इकाई ने मोर्चा खोल दिया है। लक्ष्मीगंज बाजार में पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी जिला सचिव मनीष श्रीवास्तव ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि विस चुनाव समाप्त होते ही गैस सिलेंडर की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी कर दी। पार्टी ने आशंका जताई है कि आगे पेट्रोल-डीजल के दामों में भी भारी वृद्धि हो सकती है।

# सूने घरों का काल, हउआ चढ़ा पुलिस के हत्थे, गुना में कर रखा था नाक में दम

### 5 लाख के जेवर-नगदी बरामद, चोरी के 16 मामलों में वारंटी

**जागरण, गुना।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़े बालाजी इलाके में हुई सनसनीखेज चोरी का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों में 16 आपराधिक मामलों का मास्टरमाइंड हउआ भी शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी गई करीब 5 लाख रुपये मूल्य की सोने-चांदी की ज्वेलरी और नगदी बरामद कर ली है, जबकि इनका एक अन्य साथी फरार बताया जा रहा है।



### सूने घर में हुई थी वारदात

कोतवाली क्षेत्र के सुदामा कॉलोनी निवासी हेमंत भार्गव के घर में बीते दिनों चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। पीड़ित परिवार उस समय अपने छोटे भाई की शादी के समारोह में मैरिज गार्डन गया हुआ था। रविवार और सोमवार की दरमियानी रात बदमाशों ने सूने मकान का ताला चटकाया और अलमारियों में रखे गहने, डेढ़ लाख रुपये नगद सहित दीवार पर सजी दो कीमती तलवारें तक पार कर दी थी। सोमवार सुबह जब पड़ोसी ने ताला टूटा देखा, तब इस वारदात का खुलासा हुआ था। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से जांच तेज कर दी थी।

### हउआ पर 16 मामले दर्ज

पुलिस की सक्रियता के चलते इस मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें राजकुमार उर्फ हऊआ पुत्र विष्णुप्रसाद अहिरवार निवासी चौधरी मोहल्ला गुना एवं आदित्य उर्फ छोटू पुत्र अरविन्द नामदेव निवासी भगत सिंह कॉलोनी गुना को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने उक्त चोरी अपने और एक अन्य साथी के साथ मिलकर करना स्वीकार किया । इनमें आरोपी हउआ पुलिस रिकॉर्ड में एक आदतन अपराधी है और उस पर पहले से ही 16 गंभीर मामले दर्ज हैं।

### मनोचिकित्सा संस्थान में शिविर आयोजित

# नशे के खिलाफ पुलिस और मन संस्था ने चलाई मुहिम




**जागरण, गुना।** जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में शनिवार को एक प्रभावी कदम उठाया गया। मन मेंटल हेल्थ अवेयरनेस एंड नेटवर्किंग समिति द्वारा संचालित मन मनोचिकित्सा संस्थान एवं नशामुक्ति नर्सिंग होम में जिला नशामुक्ति केंद्र के अंतर्गत निश्शुल्क भर्ती शिविर और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं।

अपने संबोधन में एसपी हितिका वासल ने कहा कि नशा आज पूरे सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौती बन गया है। उन्होंने मेडिको-लीगल पक्ष रखते हुए बताया कि कई अपराधों में अपराधी नशे की हालत में होते हैं, जिससे उनकी निर्णय क्षमता खत्म हो जाती है। उन्होंने मन संस्था के प्रयासों की सराहना की। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से संचालित इस शिविर में 50 मरीजों का पंजीयन हुआ। बेड की सीमित संख्या के बावजूद 19 मरीजों को तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। शिविर में समिति सचिव संगीता सिंह, डायरेक्टर डॉ. अनिल विजयवर्गीय, डॉ. आर. एस. भाटी, प्रदीप सेन आदि मौजूद रहे।

# घर से जबरन उठाकर ले गया दोस्त, बाद में मिला शव

**जागरण, गुना।** जिले के सिरसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इकोदिया के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर जबरन ले जाने और हत्या करने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को आवेदन सौंपा है। शनिवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

मृतक सीताराम के परिजन उत्तम सिंह बारेला और पिता रमचा बारेला ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे गांव का ही जयसिंह, सीताराम को उसकी मर्जी के बिना जबरदस्ती गाड़ी पर बिठाकर ले गया था। परिजनों के मना करने के बावजूद वह उसे यह कहकर ले गया कि अभी आ रहे हैं। इसके बाद से दोनों का कोई पता नहीं चला, लेकिन शनिवार सुबह 8 बजे सीताराम की मौत की खबर मिली। नगेमा के चौकीदार ने इकोदिया के चौकीदार को इस घटना की सूचना दी।

परिजनों का आरोप है कि शनिवार सुबह जब जयसिंह मिला और उससे सीताराम के बारे में पूछा गया, तो उसने बहाना बनाया कि सीताराम खेरीखता में उतर गया था और इसके बाद वह वहां से भाग निकला। परिजनों ने बताया कि नगेमा में जानकारी लेने पर पता चला कि जयसिंह डॉक्टर को लाने का बोलकर सीताराम को वहां छोड़कर भाग गया था। आरोप यह भी है कि जयसिंह ने घटना के समय पुलिस या एम्बुलेंस को फोन लगाने से भी मना कर दिया था। परिजनों का कहना है कि यदि वह निर्दोष था, तो पूछताछ के दौरान भाग खड़ा क्यों हुआ? मृतक के पिता रमचा बारेला ने पुलिस को आवेदन देकर जयसिंह के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की है।

### कुएं में गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

जिले के विजयपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोलुआ में शनिवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ नींद से जागकर कुएं की ओर गई एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला का संतुलन अचानक बिगड़ गया, जिससे कुएं में गिरने से उनकी जान चली गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार, कोलुआ निवासी 70 वर्षीय मेवा बाई शनिवार सुबह करीब 7ः15 बजे सोकर उठी थीं। उठने के तुरंत बाद वे घर के समीप स्थित कुएं के पास गईं, जहाँ संभवतः चक्कर आने या संतुलन बिगडने् के कारण वे सीधे गहरे पानी में जा गिरीं। परिजनों को जैसे ही इस बात का आभास हुआ, उन्होंने ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में मेवा बाई को बाहर निकाला और जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालाँकि, डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### साली की शादी में जीजा ने खाया जहर, मौत

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमोरी बुजुर्ग में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ अपनी साली की शादी में शामिल होने आए एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घर में जहाँ दो दिन बाद शहनाइयां गूंजने वाली थीं, वहां अब युवक की मौत के बाद मातम पसरा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राघौगढ़ क्षेत्र के बदरपुर निवासी गोविंद लोधा पिता श्यामलाल लोधा की ससुराल बमोरी बुजुर्ग में है। गोविंद की पत्नी की बहन (साली) का विवाह आगामी 5 मई को होना तय है, जिसके चलते उसकी पत्नी दो दिन पहले ही मायके आ गई थी। शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे गोविंद जब अपनी ससुराल पहुंचा, तो वहां मौजूद लोग उसकी हालत देखकर दंग रह गए। उसने घर में प्रवेश करते ही कहा कि मेरा इलाज मत कराना, मैंने जहर खा लिया है।

### गरीब महिला की जमीन छुड़ाने एसडीएम ने जारी किया वारंट

राघौगढ़ क्षेत्र के डोंगर गांव में एक गरीब महिला की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रशासन द्वारा एक बार कब्जा हटाने के बावजूद दबंगों ने दोबारा जमीन पर कब्जा जमा लिया है। इस संदर्भ में राघौगढ़ एसडीएम ने 16 अप्रैल को मुख्य आरोपी कैलाश का गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है, लेकिन पुलिस अब तक उसे पकडने् में नाकाम रही है। पीड़िता मनीषा बाई किरार पत्नी संजीव किरार अपनी ढाई बीघा जमीन को वापस पाने के लिए अब अधिकारियों के चक्कर काट रही है। पीड़िता का कहना है कि हालत यह है कि वे अपनी ही जमीन पर फसल की बोवनी तक नहीं कर पा रही हैं। एक बार प्रशासनिक कार्रवाई के बाद आरोपियों ने फिर से कब्जा कर लिया है

### जिला स्तरीय 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' का आयोजन, बालिकाओं का बढ़ाया हौसला

# हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका, प्रतिभाशाली बालिकाएं सम्मानित

**जागरण, गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला स्तरीय 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' का आयोजन जनसुनवाई कक्ष, कलेक्ट्रेट गुना में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष सविता गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सविता गुप्ता ने उपस्थित बालिकाओं का स्वागत करते हुए 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उत्सव बेटियों के सशक्तिकरण और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित है। कार्यक्रम में उपस्थित रमेश मालवीय द्वारा प्रतिभागियों को लाड़ली उत्सव कार्यक्रम की बधाई दी गई।




विशिष्ट अतिथि कलेक्टर श्री कन्याल ने अपने संबोधन में कहा कि 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' बालिकाओं के हित में एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि सरकार बालिकाओं की देखभाल जन्म से पूर्व ही सुनिश्चित करती है तथा उनके स्वास्थ्य, टीकाकरण, शिक्षा और उच्च शिक्षा तक वित्तीय सहायता प्रदान करती है।कलेक्टर श्री कन्याल ने 10वीं कक्षा में बिना कोचिंग के 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जिले में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत महिला अधिकारियों का उदाहरण देते हुए बताया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग अब्दुल गफ्फार ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार, बालिका शिक्षा को बढ़ावा और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम का संचालन दीपा शर्मा, परियोजना अधिकारी गुना ग्रामीण द्वारा किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' का आयोजन किया गया, जहां बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं उनके द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती दीपा शर्मा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### बेनकाब किया चंगाई सभा का खेल

# धर्मांतरण रोकने मोहनपुर में खुलेगा एकल विद्यालय

**जागरण, गुना।** बमोरी विधानसभा के ग्राम मोहनपुर में धर्मांतरण की गतिविधियों को रोकने के लिए एकल अभियान ने बड़ी पहल की है। एकल अभियान के जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर चंगाई सभा के नाम पर चल रहे धर्मांतरण के खेल को बेनकाब किया। उन्होंने बताया कि पास्टर उत्तम बारेला, विकास बारेला और उनके सहयोगियों द्वारा भोले-भाले जनजातीय समाज को प्रलोभन और इलाज का लालच देकर गुमराह किया जा रहा था, जिनके खिलाफ मामला भी दर्ज हो चुका है। संस्कृति बचाने को शिक्षा का सहारा

विकास जैन ने कहा कि एकल अभियान शिक्षा और स्वावलंबन के माध्यम से भारतीय संस्कृति की रक्षा करता है। ग्रामीणों की सहमति के बाद



उन्होंने गांव में ही एकल विद्यालय के लिए स्थल की खोज शुरू कर दी है। आचार्य की नियुक्ति होते ही यहाँ बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा के साथ-साथ अपने मूल धर्म और इतिहास के प्रति जागरूक किया जाएगा।